भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 4470

गुरूवार, 02 अप्रैल, 2026/12 चैत्र, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करना

4470 श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कोई नए कदम उठाए गए हैं या योजनाएँ प्रस्तावित की गई हैं;

(ख) क्या सरकार ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटक स्थलों की स्वच्छता में सुधार करने, राज्यों के बीच निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने और आधुनिक सुविधाओं के साथ मूलभूत अवसंरचना के उन्नयन का प्रस्ताव किया है; और

(ग) सरकार द्वारा पर्यटकों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में पर्यटन को बढ़ावा देता है। मंत्रालय घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों, मीडिया और नामचीन हस्तियों के समक्ष पर्यटन उत्पादों और स्थलों को प्रदर्शित करने के लिए उत्तर-पूर्वी राज्यों में बारी-बारी से अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का आयोजन करता है। अब तक इस मार्ट के तेरह संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें से पिछला (13वां) संस्करण नवंबर, 2025 में सिक्किम में आयोजित किया गया था।

मंत्रालय उत्तर-पूर्वी राज्यों को पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों और उत्सवों के आयोजन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। मंत्रालय नियमित रूप से टूर संचालकों, राय निर्माताओं और नामचीन हस्तियों के लिए परिचयात्मक यात्राएं आयोजित करता है और अपनी वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस क्षेत्र का संवर्धन करता है।

इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेलों और प्रदर्शनियों के दौरान भारत पवेलियन में उत्तर-पूर्वी राज्यों को निःशुल्क स्थान प्रदान किया जाता है। मंत्रालय के गुवाहाटी, शिलांग, इम्फाल और नाहरलागुन में भी कार्यालय हैं, जो पूरे वर्ष प्रचार संबंधी गतिविधियों का संचालन करते हैं।

(ख): पर्यटन मंत्रालय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) में राज्य सरकारों को 'स्वदेश दर्शन 2.0', 'प्रशाद', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' और 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' जैसी योजनाओं के तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के अंतर्गत स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाता है, जिसमें पर्यटन स्थलों के रखरखाव से संबंधित घटक भी शामिल हैं। इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय के समन्वय से चैंपियन सर्विस सेक्टर योजना के तहत व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण के माध्यम से निर्बाध संपर्कता को बढ़ाया जा रहा है, जिसमें एनईआर में क्षेत्रीय हवाई संपर्क मार्ग भी शामिल हैं।

(ग): पर्यटकों की सुरक्षा एवं हिफाजत मुख्यतः राज्य का विषय है। हालांकि, मंत्रालय जमीनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ नियमित रूप से इस मामले को उठाता है, जिसमें पर्यटन पुलिस की तैनाती शामिल है। घरेलू और विदेशी पर्यटकों की सहायता के लिए 24/7 बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन (1363/1800111363) भी शुरू की गई है।

*****